MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -13 मंदसौर, 17 सितम्बर 2025 बुधवार से 23 सितम्बर 2025 तक पृष्ट -4 किमत 2 रू.

# छात्रा का अपहरण, भाजपा नेता और दोस्त ने उठाया

## पुलिस ने नाकाबंदी में पकड़ा; मंदसौर में कॉलेज के बाहर से जबरन ले जा रहे थे

यशस्वी दुनिया ⊙मंदसौर

मंदसौर। भाजपा नेता ने दोस्त के साथ मिलकर कॉलेज के बाहर से छात्रा का अपहरण कर लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने नाकाबंदी कर कार को रोका और छात्रा को छुड़ा लिया। पुलिस दोनों आरोपी और छात्रा को थाने लेकर गई।

घटना सोमवार को पीजी कॉलेज के बाहर की है। छात्रा बस का इंतजार कर रही थी। तभी करीब साढ़े तीन बजे बिना नंबर की काले शीशे वाली ऑल्टो कार वहां आकर रुकी। गाड़ी से अभिषेक चौधरी उतरा और छात्रा का हाथ पकड़कर जबरन कार में बैठा लिया। छात्रा ने विरोध किया और मदद के लिए चिल्लाई, लेकिन कोई मदद के लिए आगे नहीं आया। इसके बाद कार तेजी से रवाना हो गई।

टीआई संदीप मंगोलिया ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाई और युवती को सुरक्षित बरामद कर लिया। उसके बयान पर अपहरण और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### कार से भाजपा पार्षद और उसका दोस्त पकड़ाया

प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी कि एक युवती को जबरदस्ती कार में बैठाकर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही डायल 112 पर तैनात पुलिसकर्मी सक्रिय हुए और कृषि उपज मंडी के पास संदिग्ध कार को रोक लिया। कार से पिपलियामंडी के भाजपा पार्षद श्रवण चौहान और अभिषेक चौधरी को पकड़ा गया।

### दोनों आरोपी छात्रा को पहले से जानते थे

थाने में प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि पीड़िता और आरोपी पहले से एक-दूसरे को जानते हैं। पुलिस जांच के दौरान युवती के परिजन भी थाने पहुंचे। दोनों पक्षों में बहसबाजी हुई। पुलिस ने उन्हें शांत कराया। इस बीच आरोपियों ने थाने से बाहर निकलने की कोशिश की। शाम तक एफआईआर दर्ज करवाने में देरी हुई। दोनों आरोपी फरार हो गए। देर रात करीब साढ़े 11 बजे युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### छात्रा बोली- कार में आरोपी ने मारपीट की

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अभिषेक ने कॉलेज के बाहर अचानक उसका रास्ता रोका और जबरदस्ती गाड़ी में बैठा लिया। रास्ते में मारपीट की और बाल भी खींचे। छात्रा ने कार चालक श्रवण चौहान से गाड़ी रोकने के लिए कहा, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।

### छात्रा पर शक करता था आरोपी

पड़ताल में यह भी सामने आया कि अभिषेक और छात्रा पिछले चार साल से एक-दूसरे को जानते थे। पीड़िता के पिता ने अभिषेक से कहा था कि वह उनकी बेटी का ध्यान रखे। अभिषेक को छात्रा पर शक था कि उसके किसी और से संबंध है। इसी वजह से वह उसका पीछा करता था। बार-बार फोन कर निगरानी रखता था। सोमवार को भी शक के चलते कॉलेज पहुंचा थी। विवाद के बाद छात्रा को जबरन गाड़ी में बैठा लिया। कार चालक श्रवण चौहान पिपलियामंडी का पार्षद है और भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा हुआ है।

# कलेक्टर, एडीएम एवं सीईओ ने जनसुनवाई में सुनी 60 आवेदकों की समस्याएँ

मंदसौर 16 सितंबर 25 / जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन आज सुशासन भवन सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन ने उपस्थित होकर कुल 60 आवेदकों की समस्याएँ सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न ग्रामीणों एवं नागरिकों ने अपनी समस्याएँ प्रस्तुत कीं। नापाखेड़ा निवासी नरसिंह ने भूमि की रजिस्ट्री अन्य नाम पर कराने एवं खेत पर कब्जा करने की धमकी की शिकायत की, जिस पर एसडीओपी मंदसौर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार साबाखेड़ा निवासी किशोरीलाल ने भूमि का नक्शा दुरुस्ती हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर तहसीलदार मंदसौर को जांच कर निराकरण के लिए निर्देशित किया गया।

नावनखेड़ी निवासी कारूलाल ने शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर बोई गई सोयाबीन फसल को हटाने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर तहसीलदार मंदसौर को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।



बरखेड़ा गंगासा निवासी रामसिंह ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत ऋण दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर सीईओ जनपद गरोठ को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। वहीं, भाटरेवास निवासी लक्ष्मीबाई ने शासकीय भूमि पर पट्टा प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर सीईओ जनपद मंदसौर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त संबल योजना प्रकरण, बी.पी.एल. राशन कार्ड बनवाने, विधवा पेंशन राशि का भुगतान, मनरेगा योजना अंतर्गत पशु शेड निर्माण, समयमान वेतनमान एरियर का भुगतान, फसल बीमा राशि दिलवाने तथा भूमि विवाद संबंधी अनेक प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी आवेदनों की गंभीरता से जांच कर समयसीमा में निराकरण किया जाए, जिससे आमजन को राहत मिल सके।

### मंदसौर में एक महीने तक चलेगा पोषण माह

# स्वास्थ्य शिविर लगेंगे, बेटी के जन्म पर लगेगा पेड़; मोटापे से निपटने पर होगा फोकस

मंदसौर। कल (17 सितंबर) से 16 अक्टूबर 2025 तक पोषण माह मनाया जाएगा। मंगलवार को कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में इसकी तैयारियों को लेकर बैठक हुई। कलेक्टर गर्ग ने कहा कि पोषण माह का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। जिला परियोजना और आंगनबाड़ी स्तर पर रोजाना कार्यक्रम होंगे। सभी विभागों को माइक्रो प्लान बनाकर गतिविधियां करने के निर्देश दिए गए हैं। इस वर्ष पोषण माह की कई थीम तय की गई हैं। मोटापे से निपटने के लिए चीनी और तेल का सेवन कम करने पर जोर दिया जाएगा।




वोकल फॉर लोकल के तहत स्थानीय और पारंपरिक खाद्य पदार्थों को बढ़ावा दिया जाएगा।

अर्ली चाइल्डहुड केयर - पोषण भी, पढ़ाई भी थीम के तहत बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान दिया जाएगा। जिले में चल रहे एक पेड़ मां के नाम नवाचार को भी थीम में शामिल किया गया है। इसके तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और बेटियों के सम्मान का संदेश दिया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग पोषण माह में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाएगा। इनमें हितग्राहियों की जांच और परीक्षण होगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस दौरान जन्म लेने वाली हर बेटी के परिवार के साथ मिलकर एक पेड़ लगाया जाए।

# शामगढ़ में जोधपुर-इंदौर ट्रेन से गिरा युवकसिर और पैरों में गंभीर चोट, फ्रैक्चर की आशंका; गरोठ से इंदौर जा रहा था पढ़ाई के लिए

शामगढ । मंगलवार शाम को शामगढ़ रेलवे स्टेशन के पास जोधपुर-इंदौर ट्रेन से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद मंदसौर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घायल की पहचान गरोठ निवासी राघव जायसवाल (20) के रूप में हुई है, जो इंदौर में बीकॉम की पढ़ाई के लिए जा रहे थे। यह घटना शाम करीब 5 बजे हुई, जब ट्रेन तेज रफ्तार से गुजर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राघव जनरल कोच में यात्रा कर रहे थे और भीड़ के कारण अचानक असंतुलित होकर गिर पड़े। राघव के पिता दिलीप जायसवाल ने बताया कि उनका बेटा गरोठ से ट्रेन में सवार हुआ था और इंदौर पहुंचने से पहले ही यह हादसा हो गया।

मंदसौर जिला अस्पताल रेफर

हादसे के तुरंत बाद, स्थानीय लोगों और रेलवे अधिकारियों ने मिलकर राघव को शामगढ़ अस्पताल पहुंचाया।

# संपादकीय

## श्राद्ध

श्राद्ध पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व कृतज्ञता व्यक्त करने का एक पवित्र कर्म है। यह पितरों की आत्मा की शांति व अपने परिवार के कल्याण के लिए किया जाता है। मान्यता है कि इससे पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। इससे घर-परिवार में सुख, समृद्धि और आशीर्वाद बना रहता है। यह ऋणचुकाने का प्रतीक है माता-पिता और पूर्वजों के प्रति।

आजकल यह भी प्राय- देखने को मिलता है कि बच्चे जीते जी तो अपने माता-पिता को पूछते नहीं, सेवा नहीं करते परन्तु उनके जाने के बाद बड़े-बड़े श्राद्ध करते हैं, पुण्यतिथि मनाते हैं।

ऐसे केस मेरे सामने आते हैं कि इंसानियत पर विश्वास ही उठ जाता है। एक बेटे ने अपनी मां को इसलिए कैद रखा कि वो सारी प्रोपर्टी उसके नाम कर दे। यहां तक कि उसे अपने बड़े बीमार बेटे से भी नहीं मिलने दिया। वो मां उससे इतना डरती थी, उसके कमरे में कैमरे लगा रखे थे। फिर भी अंतिम समय में उनके घर के नौकर को उन पर तरस आया और वो अपनी बड़ी बहू से वीडियो कॉल कर माफी मांगती रही, आशीर्वाद देती रही और अपनी मजबूरी बताती रही, परन्तु क्या फायदा।

ऐसे ही पिछले सप्ताह हमारी पश्चिम विहार की शाखा की एक सदस्य ने हमारी ब्रांच हैड को गुहार लगाई कि उनके दो बेटे-बहुएं उन्हें बहुत तंग कर रहे हैं, खाना भी नहीं देते और उनसे साइन करवाना चाहते हैं और उनसे उनकी एफडी भी मांग रहे हैं। जब उन्होंने मेरे से बात की तो पहले मैं बहुत ही हैरान हुई। इतने अच्छे परिवार के बेटे भी यही करते हैं तो मैंने वहां की लोकल पुलिस को जो सीनियर सिटीजन के लिए है, को कहा कि सिर्फ बात करें और बच्चों को समझाएं, हो सकता है कहीं मां-बाप की गलती भी हो। हमारा मकसद किसी को डराना नहीं, हम सिर्फ यह चाहते हैं कि बेटे अपने मां-बाप की उम्र का ख्याल रखते हुए उन्हें तंग न करें, उन्हें प्यार और सम्मान दें। साथ में समय पर खाना दें और मां-बाप भी उन्हें प्यार करें। क्योंकि मां-बाप जब बहुत तंग हो जाते हैं तभी शिकायत करते हैं। अभी हल्का सा फोन ही गया तो दोनों बेटे-बहुओं ने सुध ली और अपनी गलती मानी। मां-बाप से माफी मांगी और उनकी सेवा करने का, ध्यान रखने का, समय से खाना देने का वायदा किया। धन्य हैं ऐसे बेटे-बहुएं जिन्होंने जल्दी ही अपनी गलती को सुधार लिया और श्राद्ध पक्ष में अपने जीवित माता-पिता की सेवा शुरू कर दी। माता-पिता ने उन्हें एफडी भी दे दी। यानि माता-पिता अपने बच्चों के लिए कुछ भी कर जाते हैं, उन्हें सिर्फ प्यार और मान-सम्मान चाहिए।

आज सभी बेटों को, बच्चों को, बहुओं को यही कहूंगी कि श्राद्ध का असली महत्व समझें। माता-पिता के जीते जी उनकी सेवा कर लें, बाद में तो कुछ नहीं रखा। सभी यही कहते हैं कि श्राद्ध करना आत्मा की शांति और अपने मन के अपराध बोध को कम करने का भी साधन माना जाता है। भले ही जीवन में माता-पिता की सेवा न की हो परन्तु मेरा मानना है कि जीते जी सेवा करना, उन्हें अच्छे से खाना खिलाना ही सबसे उत्तम है। उनसे जबरदस्ती उनकी जायदाद न लें, न उनसे जबरदस्ती वसीयत करवायें। जो उनका दिल करे, उनको अपने मन से, दिल से, अन्तिम समय में जीने देना चाहिए। यही सच में सेवा है!

# कार से दो लाख रुपए का एक क्विंटल डोडाचूरा जब्त-सुवासरा में आरोपी भी गिरफ्तार




सुवासरा। पुलिस ने मंगलवार की रात बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अवैध डोडाचूरा की तस्करी का भंडाफोड़ किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बसई रोड़ धामनिया फंटे के पास से कार्रवाई की। पुलिस ने सीतामऊ के ढिकनिया निवासी 26 वर्षीय निलेशपुरी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से सफेद रंग की स्विफ्ट कार में रखे 6 प्लास्टिक के कट्टों में कुल 1 क्विंटल 10 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया। जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत 2.20 लाख रुपए आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने यह मादक पदार्थ लोगनी निवासी अपने साथी ईश्वरसिंह सौंधिया से प्राप्त किया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15,29 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस डोडाचूरा के अन्य स्रोतों का पता लगाने के लिए आरोपी से पूछताछ कर रही है।

ट्रेवल्स अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन

मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा





दूध डेयरी का सामान





डेयरी संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।

साथ ही

आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।

L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ

हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485




हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268

प्रो-टीप्‌ शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड



हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।





चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़

ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814



आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ. विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक

# 66 लाख का लहसुन से भरा ट्रक चोरी

## ड्राइवर खाना खाने रुका था, हेल्पर ट्रक लेकर भागा, अफजलपुर पुलिस ने पकड़ा

मंदसौर। जिले की अफजलपुर पुलिस ने चोरी की एक बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी 66 लाख रुपए के ट्रक और लहसुन को लेकर भाग गया था। पुलिस ने ट्रक को 6 घंटे बाद ही बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना 15 सितंबर की है जब ट्रक चालक रामबाबू नीमच मंडी से 260 क्विंटल लहसुन लेकर नागपुर जा रहा था इसी दौरान रास्ते में वह अफजलपुर थाना क्षेत्र स्थित जिओ पेट्रोल पंप के पास एक ढाबे पर रुका और वाशरूम गया, तभी उसका हेल्पर ड्राइवर ट्रक लेकर फरार हो गया।



### ट्रक को ट्रेस कर पुलिस ने पकड़ा

चालक ने फौरन पुलिस को सूचित किया जिसके बाद अफजलपुर थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह कनेश और साइबर सेल ने जांच शुरू करते हुए ट्रक को ट्रेस कर लिया।

पुलिस ने राजगढ़ के खिलचीपुर थाना क्षेत्र के बावड़ीखेड़ा जागीर निवासी 23 वर्षीय रामनारायण को गिरफ्तार किया। साथ ही 26 लाख रुपए कीमत का 260 क्विंटल लहसुन और 40 लाख रुपए कीमत के ट्रक (नंबर ऋ्छ 09 त्छ 2077) को बरामद कर उसके मालिक को सौंप दिया है।


सरदार पटेल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
Cure With Care
अब आपके शहर शामगढ़ में सुप्रसिद्ध हड्डी व शिशु रोग विशेषज्ञ
नि:शुल्क परामर्श शिविर- दि.29-12-2024
हड्डी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक रविवार दोपहर 12 से 3 बजे तक
डॉ.आकाश मीणा
(हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ)
M.B.B.S, M.S., Orthopaedic Surgeon
हड्डी रोग
* हड्डी एवं जोड़ो का दर्द होना
* कमर दर्द एवं कंधे दर्द होना
* रीढ की हड्डी की चोट ।
* घुटनो का दर्द होना ।
* चलने की परेशानी होना ।
* गठिया रोग एवं नसों की सूजन ।
* हाथ पैरो एवं शरीर में कमजोरी होना
* झुनझुनी या सुन पढ जाना
* गतिविधि के दौरान पीठ दर्द का बढ जाना ।
* पीठ के निचले हिस्से में अकड़ने ।
डॉ.भारद्वाज
MBBS, DCH
शिशु रोग विशेषज्ञ
* बच्चों का चिड़चिड़ापन
* लार टपकना
* बोल नहीं पाना, हकलाना
* झटके आना
* बार बार बुखार आना
* शारीरिक विकलांगता
* बिस्तर में पेशाब करना
* वजन/लंबाई का ना बनना
* बच्चों में जन्म से पीलिया होना
* बार बार सर्दी खांसी होना
* बच्चों को भूख नहीं लगना
* बच्चों में खून की कमी
* बच्चों के छुटे हुए टिके
* बच्चों का वजन नहीं बढना
* रोग प्रतिरोग क्षमता बढाने हेतु . समस्त प्रकार के वैक्सीन
कम्प्यूटराईज्ड लेब ICU ECG
मेडिकल एंबुलेंस ए.सी. ऑपरेशन थिएटर
सोनोग्राफी एवं स्त्री रोग संबंधित सभी ऑपरेशन अनुभवी
डॉ.अंजली (प्रसुति रोग विशेषज्ञ)
MBBS, DGO (OBS GYNIC)
अपनी सेवाएं सरदार पटेल हॉस्पिटल में नियमित रुप से देगें।
24/7 Emergency Services
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें -07425-299214,9630656214
पता- 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल,शामगढ़ जि.मन्दसौर (म.प्र.) कोड नं.-458883



शामगढ़ में अमूल दूध अब ओम दूध डेयरी पर
शुद्ध और पोष्टिक दुध, घर से घर तक
Amul DOODH
Now in SHAMGARH
अमूल गोल्ड
6 लीटर और 1 लीटर उपलब्ध
उच्च क्वालिटी, पूर्ण मात्रा
शादी पार्टी में डिलेवरी हेतु सम्पर्क करे
9926839024
अधिकृत विक्रेता ओम दूध डेयरी
नगर परिषद काम्पलेक्स, शामगढ़



NOBLE Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally Accounting Course only 45 Days
संचालक राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh



गोपाल पटेल 9826055169
अर्जुन पटेल 9981235380
गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगीरिया रोड़ शामगढ़



माँ हिंगलाज इन्फोटेक
Sales & Sarvice
हमारे यहां सीसीटीवी कैमरे लेपटॉप, कम्प्युटर एवं प्रिंटर के लगाने व सुधारने का कार्य किया जाता है सीसीटीवी कैमरा, लेपटॉप, कम्प्युटर व प्रिंटर्स के पार्ट्स भी उपलब्ध है
प्रो.हुकुमसिंह गुर्जर मो.9098606775
ढाबला गुर्जर रोड़, शामगढ़ जि.मन्दसौर (म.प्र.)

प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस पर विशेष

# भारत के स्वाभिमान को जगाने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी - उप मुयमंत्री श्री जगदीश देवड़ा

मंदसौर 16 सितंबर 25 / भारत के नागरिक भाग्यशाली हैं कि वे भारत का नवनिर्माण होता देख रहे हैं। हर क्षेत्र में नया भारत बन रहा है। इन गौरवशाली क्षणों का श्रेय यशस्वी, सशक्त और विश्व दृष्टि सम्पन्न प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। उन्होंने भारत के स्वाभिमान को जगाया है और आत्म-विश्वास को मजबूत किया है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 75वें जन्म दिवस पर मध्यप्रदेश के नागरिकों की ओर से कोटि-कोटि बधाइयां और शुभकामनाएं। वे दीर्घायु हों और हमेशा हमें नेतृत्व प्रदान करते रहें। वे अपने जन्म दिवस पर मध्यप्रदेश को ऐसा उपहार देने आये हैं, जिससे प्रदेश और देश के इतिहास में एक नया पन्ना जु? रहा है। देश की महत्वाकांक्षी ÷पीएम मित्र पार्क परियोजना÷ का भूमि-पूजन हो रहा है। यह पार्क मध्यप्रदेश के लिये अनमोल उपहार साबित होगा। हमारे कपास उत्पादक किसानों का जीवन बदलेगा और समृद्धि के नये द्वार खुलेंगे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी भारत के लिए वरदान साबित हुए हैं। भारत निराशा में डूबा राष्ट्र बनता जा रहा था। युवाओं में भी निराशा थी। व्यापार डूब रहा था। भ्रष्टाचार फैल रहा था। हमारी कोई वैश्विक पहचान नहीं थी। अर्थव्यवस्था में हम पिछड़ गये थे। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही उन्होंने अविलंब विकासोन्मुखी कार्यों की शुरूआत कर दी। राष्ट्रवादी मूल्यों और संस्कृति में वे अच्छी तरह पल्लवित थे। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज भारत बदल रहा है। हर क्षेत्र में नये परिवर्तन हो रहे हैं। हमारी



नीचे जाती अर्थव्यवस्था अब विश्व की तीसरी बडी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री मोदी एक युग-दृष्टा हैं। वे भविष्य को पहचान लेते हैं और आने वाली चुनौतियों से निपटने की रणनीतियां तैयार रखते हैं। उन्होने विश्वपटल पर भारत की पहचान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। श्री मोदी जी का जीवन हमें निरंतर प्रेरणा देता है। साधारण परिवार में जन्म लेकर देशहित को सर्वोपरि मानते हुए वे जिस तरह जनसेवा के पथ पर अग्रसर हुए, वह असाधारण है। बचपन से ही राष्ट्रप्रेम और सेवा-भावना उनकी शक्ति रही। आज जब हम 21वीं सदी के भारत की कल्पना करते हैं, तब श्री मोदी जी का व्यक्तित्व और कार्यशैली एक मार्गदर्शक दीपस्तंभ के रूप में सामने आते हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने भारत को केवल 'विकास' की दिशा मैं आगे नहीं बढ़ाया, बल्कि 'विश्वगुरु' बनने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए। स्वच्छ भारत अभियान से लेकर स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत तक मोदी जी की हर पहल जनता के कल्याण और देश को मजबूत बनाने का सशक्त कदम है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने के लिये समस्त भारतीयों को प्रेरित किया है। श्री मोदी को देश की युवा शक्ति और उनके कार्य कौशल पर अटूट भरोसा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने भारत की साख को इतना ऊँचा उठाया है कि आज पूरा विश्व भारत के नेतृत्व को सम्मान की दृष्टि से देखता है। त20 की अध्यक्षता, अंतरिक्ष विज्ञान में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ, सीमा सुरक्षा की सुदृढ़ता और गरीब कल्याण की योजनाएँ उनके नेतृत्व की गाथा को अमर कर रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर से विश्व पटल पर भारत की एक अलग छवि बनी है।

मध्यप्रदेश में भी मोदी जी की नीतियों और दूरदर्शिता का सीधा लाभ जनता को मिला है। प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि निःशुल्क राशन, जैसी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों का जीवन बदला है। गाँव-गाँव तक सड़क, बिजली, पानी और डिजिटल कनेक्टिविटी पहुँचाना मोदी जी के संकल्प और अथक परिश्रम का परिणाम है। वे केवल राजनेता नहीं, बल्कि एक संकल्प और नवाचार के अद्वितीय प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि ईमानदारी, राष्ट्रनिष्ठा और कठोर परिश्रम से असंभव को भी संभव किया जा सकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपनी वैश्विक लोकप्रियता साबित करते हुए दुनिया के सबसे पसंदीदा नेता बनने का गौरव हासिल किया है। एक अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में पीएम मोदी को 75 प्रतिशत 'अप्रूवल रेटिंग' मिली है। यह रेटिंग उन्हें 20 देशों के शीर्ष नेताओं की सूची में सबसे ऊपर रखती है। विशेषज्ञों का कहना है कि श्री मोदी की लोकप्रियता का कारण उनकी मजबूत अंतरराष्ट्रीय छवि, निर्णय लेने की क्षमता और भारत के घरेलू और वैश्विक हितों पर आधारित स्पष्ट नीतियां हैं। यह इस बात का संकेत है कि भारत न केवल वैश्विक राजनीति में तेजी से उभर रहा है बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को भी अंतराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी स्वीकृति मिल रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर और जीएसटी सुधार से पूरे विश्व में भारत के प्रति दृष्टिकोण बदल गया है। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होने सबका विश्वास जीता है। हर वर्ग को राष्ट्र निर्माण के लिये प्रेरित और प्रोत्साहित करने के कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के निर्णयों का परिणाम अब हमारे सामने आने लगा है। उदाहरण के लिए भारत अब डिजिटल इंडिया के रूप में जाना जाने लगा है। लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिये उठाये गये कदमों का सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच गांव-गांव तक हुई है। %राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020% देश के शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव है जिसे पूरे भारत में सराहा गया है। नीति में बुनियादी शिक्षा में सुधार, स्कूल संरचनाओं में बदलाव, चार वर्षीय अंतःविषय स्नातक कार्यक्रम और देश में शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकृत करने का प्रस्ताव है। ये सब भारत को एक वैश्विक शिक्षा केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विकास का हर क्षेत्र बदल रहा है। अभी भारत को विश्व गुरू बनने का सपना पूरा करना है। हम सब संकल्प लें कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के आदर्शों पर कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। मध्यप्रदेश की जनता की ओर से एक बार फिर हमारे लोकप्रिय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जन्म दिवस की कोशिट~ शुभकामनाएं।

**(लेखक मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री)**




समस्या अनेक समाधान एक
अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर
ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD
आपके लिए लाया है
GST, Income Ta& ,Loan & Subsidy Services, Trust & Society Registration ,Startup Consultancy, Company/LLP Incorporation
की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...
ONEDESK BUSINESS SOLUTIONS PVT. LTD.
पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001
Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

SEBI Reg. 2100274304
17 वर्षों से आपकी सेवा में
THE MONEY MAKER
INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES
NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized
हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बॉड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं।
संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स
डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे
संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941


स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306